सेना में करियर

देश की एकता व अखंडता को कायम रखने के प्रति सेना के तीनों अंग - आर्मी, नेवी व एयरफोर्स समर्पित होते हैं। ऐसा नहीं है कि केवल युद्ध के समय ही सेना की जरूरत होती है, बल्कि सच यह भी है कि देश के अंदर जब भी किसी प्रकार की आपदा आती है या कहीं शांति-भंग की स्थिति उत्पन्न होती है, तो व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने के लिए सेना की ही सहायता ली जाती है। आर्मी इंडियन आर्मी के किसी भी रिक्रूटिंग ऑफिस में एक प्रेरक पंक्ति पर आपकी नजर जरूर पडेगी - **Be an Army man - Be a winner for life** अगर आपके अंदर चुनौतियों से जूझने व जीतने का जज्बा है, तो आपके लिए इंडियन आर्मी से बेहतर और कोई जगह नहीं हो सकती। क्योंकि यहां आप न केवल एक काबिल ऑफिसर बनने का प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं, बल्कि एक अच्छा इनसान बनने का हुनर भी हासिल कर लेते हैं। दरअसल, यही वह क्षेत्र है, जहां सही मायने में आपको एक सफल लीडर बनने की ट्रेनिंग दी जाती है, भाई-चारे का पाठ पढाया जाता है और देशभक्ति का फलसफा भी सिखाया जाता है, जिससे अनुशासित जीवनशैली विकसित करने में मदद मिलती है।

कैसे कैंडिडेट की होती है तलाश?

आर्म्ड फोर्सेस में वैसे ही उम्मीदवारों की तलाश होती है, जिनके अंदर देशभक्ति का जज्बा व अदम्य साहस होता है और जो ज्ञान व उच्च आदर्श होते हैं। ऐसे व्यक्ति को खासतौर पर वरीयता दी जाती है, जिसके अंदर नेतृत्व प्रदान करने व दूसरों को प्रेरित करने की क्षमता होती है।

सिलेक्शन व ट्रेनिंग:-

मैथमेटिक्स, फिजिक्स व केमिस्ट्री से 10+2 उत्तीर्ण करने के बाद पुणे के पास खडगवासला स्थित नेशनल डिफेंस एकेडमी में दाखिला लिया जा सकता है। यहां चार साल की ट्रेनिंग दी जाती है। तीनों सर्विसेज के कैडेट्स एकेडमी में तीन साल बिताते हैं और फिर सेना के तीनों अंगों में अलग-अलग एक साल के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इसके बाद आर्मी, नेवी या एयर फोर्स में ऑफिसर बनते हैं। ग्रेजुएशन के बाद आप यूपीएससी द्वारा आयोजित कम्बाइंड डिफेंस सर्विसेज एग्जामिनेशन (साल में दो बार-मई व अक्टूबर) में सफलता प्राप्त करने के बाद आईएमए-देहरादून, नेवल एकेडमी-गोवा या एयर फोर्स एकेडमी-हैदराबाद में दाखिला ले सकते हैं।

प्रवेश प्रक्रिया:-

अगर आप आ्म्ड फोर्सेज में प्रवेश पाना चाहते हैं, तो दो प्रकार से एंट्री हो सकती है। एक, नेशनल डिफेन्स एकेडमी व दूसरे, कम्बाइंड डिफेंस सर्विसेज एग्जामिनेशन के माध्यम से।

एनडीए:-

हर साल दो बार (अप्रैल व सितंबर) एनडीए में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित होती है।

पात्रता : एनडीए के लिए आवेदन करने वाले अविवाहित पुरुष उम्मीदवार की आयु साढे 16 से 19 वर्ष के बीच होनी चाहिए। गणित, भौतिकशास्त्र व रसायनशास्त्र से 10+2वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण (या जिनका रिजल्ट आने वाला हो) छात्र इसमें आवेदन कर सकते हैं। विभिन्न चरणों में आयोजित परीक्षा के माध्यम से उम्मीदवारों की पर्सनैल्टी यानी कि मजबूत शरीर व तेज दिमाग की जांच की जाती है। उम्मीदवारों की ऊंचाई कम से कम 157.5 सेमी. (एयरफोर्स के लिए

162.5 सेमी.) होनी चाहिए। हालांकि, गोरखा व लक्षद्वीप, गढवाल, कुमाउं पहाडी तथा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के उम्मीदवारों के लिए ऊंचाई के मामले में छूट का प्रावधान है। चश्मा पहनने वाले उम्मीदवार एयरफोर्स के लिए उपयुक्त नहीं होते। चयन प्रक्रिया : एनडीए कैडेट्स के लिए चयनित होने के लिए आपको तीन चरणों में आयोजित परीक्षा से गुजरना पडेगा। सबसे पहले यूपीएससी द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा। इसके बाद सर्विस सेलेक्शन बोर्ड द्वारा आयोजित इंटरव्यू (इंटेलिजेंस व पर्सनैल्टी टेस्ट) और फिर सर्विस मेडिकल बोर्ड द्वारा आयोजित मेडिकल एग्जाम। परीक्षा : एनडीए व नेवल एकेडमी एग्जामिनेशन में मैथमेटिक्स, इंग्लिश व जनरल नॉलेज पर जोर दिया जाता है और प्रश्न मुख्य रूप से इंटरमीडिएट के सिलेबस पर ही आधारित होते हैं। ध्यान रहे, अगर आपने गलत जवाब दिया, तो इसके लिए नेगॅटिव मार्किंग होती है। 300 अंकों के गणित के पेपर अल्जेब्रा, मैट्रिसेज व डिटरमिनांट्स, ट्रिगोनोमेट्री, एनैलिटिकल ज्योमेट्री, 2 तथा 3 डाइमेंशन, डिफरेंशियल कैलकुलस, इंटीग्रल कैलकुलस व डिफरेंशियल इक्वेशन, वेक्टर अल्जेब्रा, स्टैटिस्टिक्सि व प्रॉबेबिलिटी आदि पर आधारित होते हैं। जनरल एबिलिटी पेपर 600 अंकों का होता है। पार्ट ए में 200 अंकों के वैकल्पिक प्रश्न होते हैं, जिससे अंग्रेजी की दक्षता आंकी जाती है। पार्ट बी 400 अंकों का होता है,जिसमें जनरल साइंस व जनरल नॉलेज से प्रश्न पूछे जाते हैं। लिखित परीक्षा में चयनित उम्मीदवारों को सर्विस सेलेक्शन बोर्ड (एसएसबी) द्वारा इंटेलिजेंस व पर्सनैल्टी टेस्ट के लिए बुलाया जाता है। एनडीए प्रवेश-परीक्षा पास करने के बाद उम्मीदवार को सर्विस सिलेक्शन बोर्ड (एसएसबी) इंटरव्यू से होकर गुजरना पडता है, जो कि पांच दिनों तक चलता है। एसएसबी इंटरव्यू के दौरान ग्रुप डिस्कशन, फिजिकल एन्ड्योरेंस टेस्ट व ग्रुप टास्क आदि का सामना करना पडता है। अंत में मेडिकल टेस्ट लिया जाता है। चयनित उम्मीदवार को पुणे स्थित एनडीए में तीन साल तक प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसकी सफलतापूर्वक समाप्ति के बाद उम्मीदवारों को अलग-अलग अकादमियों - इंडियन मिलिट्री एकेडमी यानी आईएमए, नेवॅल या एयर फोर्स में प्रशिक्षण के लिए भेज दिया जाता है और यहीं से सेवा की शुरुआत भी हो जाती है।

<u>सीडीएसई</u>:-

अगर आप ग्रेजुएशन के फाइनल ईयर में हैं या स्नातक उत्तीर्ण हैं, तो इसमें दाखिला के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा सीडीएसई (कम्बाइंड डिफेंस सर्विसेज एग्जामिनेशन) के लिए आवेदन कर सकते हैं। हर साल दो बार (फरवरी व सितंबर में) सीडीएसई प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। इसमें आवेदन करने के लिए न्यूनतम आयु सीमा 19 और अधिकतम आयु सीमा है-24 वर्ष। सीडीएसई की परीक्षा विश्लेषणात्मक होती है और इसमें उम्मीदवार के रीजनिंग पॉवर को जांचा-परखा जाता है। बेसिक एग्जामिनेशन क्लियर करने के बाद चयनित उम्मीदवारों को एसएसबी की इंटरव्यू प्रक्रिया से होकर गुजरना पडता है। मानसिक व शारीरिक दक्षता के अलावा, नेतृत्व क्षमता की भी जांच की जाती है। उम्मीदवारों को विभिन्न प्रकार के साइकोलॉजिकल टेस्ट यानी कि एसआरटी (सिचुएशन रिएक्शन टेस्ट), सेल्फ-अप्रेजल टेस्ट व ग्रुप डिस्कशन आदि से भी गुजरना पडता है। एनडीए व सीडीएसई के बारे में और अधिक जानकारी के लिए आप यूपीएससी की वेबसाइट www.upsc.gov.in देख सकते हैं।

<u>टेक्निकल एंट्री</u>:-

फिजिक्स, केमिस्ट्री व मैथमेटिक्स विषयों के साथ अगर आपने 10+2 की परीक्षा कम से कम 70 फीसदी अंकों से पास की है, तो आप टेक्निकल एंट्री के लिए आवेदन कर सकते हैं। अगर आप आवश्यक योग्यता व दक्षता की शर्तों को पूरा करते हैं, तो आपको एसएसबी इंटरव्यू के लिए भेजा जा सकता है। इसमें चयनित उम्मीदवारों को आईएमए में एक साल की बेसिक ट्रेनिंग दी जाती है। इसके बाद पुणे स्थित कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग, सिकंदराबाद स्थित कॉलेज ऑफ

इलेक्ट्रॉनिक्स ऐंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग या मध्य प्रदेश के महू स्थित मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन में चार साल का डिग्री कोर्स करना पडता है।

शॉर्ट सर्विस कमीशन:-

परमनेंट या शॉर्ट सर्विस कमीशन्ड ऑफिसर के तौर पर आप आ्म्ड फोर्सेज से जुड सकते हैं। परमनेंट कमीशन का मतलब यह है कि रिटायरमेंट तक आपका करियर सेना के साथ ही जुडा रहेगा। हालांकि, 20 साल तक सेवा प्रदान करने के बाद वॉलंटरी रिटायरमेंट का विकल्प भी खुला रहता है। दूसरी ओर, इस सेवा में जूनियर ऑफिसर की मांगों को शॉर्ट सर्विस कमीशन यानी एसएससी के माध्यम से पूरा किया जाता है। इसके माध्यम से सेना ज्वाइन करने वालों को 7-10 साल तक काम करने के बाद रेगुलर कमीशन के तौर पर कार्यरत रहने या इस सेवा से अवकाश लेने की स्वतंत्रता होती है। सरकार के पास भी यह अधिकार सुरक्षित होता है कि ऐसे उम्मीदवारों की सेवा आगे बरकरार रखी जाए या उन्हें रिलीज कर दिया जाए।

महिलाओं के लिए संभावनाएं:-

कुछ वर्ष पहले तक आ्म्ड फोर्स में केवल पुरुषों के लिए ही करियर का स्कोप हुआ करता था, मगर अब इस क्षेत्र में महिलाएं भी अपनी मजबूत स्थिति बनाने लगी हैं। खासतौर पर, मेडिकल कोर या मिलिट्री नर्सिंग सर्विसेज में महिलाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं। सबसे पहले नेवी ने लॉजिस्टिक्स, लॉ व एयर ट्रैफिक कंट्रोल के नॉन-कॉम्बेटेंट कैडर्स में महिलाओं के लिए संभावनाओं के द्वार खोले। इसके बाद से बडी संख्या में महिलाओं ने टेक्निकल व फ्लाइंग ऑफिसर के तौर पर अपने योगदान दिए हैं। इन सबके अलावा, आर्मी सर्विस कोर, ऑर्डिनेंस कोर, एजुकेशन कोर, जेएजी, सिग्नल्स व आर्मी इंटेलिजेंस आदि में महिलाओं ने अपनी खास जगह बनाई है। एयर फोर्स में महिलाओं को केवल शॉर्ट सर्विस कमीशन के तौर पर ही नियुक्ति मिलती है।

स्पेशल फोर्सेस:-

विभिन्न प्रकार की आपातकालीन परिस्थितियों में उच्च दक्षता प्राप्त व विशेष रूप से प्रशिक्षित कमांडो को पदस्थापित किया जाता है। इसके तीन अंग हैं-मरीन कमांडो, पारा कमांडो व एनएसजी यानी कि नेशनल सिक्युरिटी ग्रुप या ब्लैक कैट्स कमांडो। आ्म्ड फोर्सेज के ऑफिसर को ही स्पेशल फोर्स में पदस्थापित किया जाता है। इस सेवा के लिए चयनित ऑफिसर्स में से महज 10 फीसदी को ही प्रशिक्षण के लिए अनुशंसित किया जाता है। इसके बाद शुरू होता है कठोर प्रशिक्षण का दौर। इस दौरान इन्हें हाई-रिस्क ड्यूटी में भी अव्वल प्रदर्शन करने के लायक बना दिया जाता है। अगर आपके दिल में जोश है, उमंग व अदम्य साहस का दामन थामने का जज्बा है, तो इंडियन आर्मी का बेहतरीन करियर आपको मनचाही मंजिल दिलाएगा और फिर देश को होगा आप पर नाज।

लेवॅल 1 आर्मी नेवी एयरफोर्स:-

क्वालिफाइंग एग्जाम नेशनल डिफेंस एकेडमी एनडीए/नेवल एकेडमी एनडीए
आयु सीमा 16.5 वर्ष से 19 वर्ष 16.5 वर्ष से 19 वर्ष 16.5 वर्ष से 19 वर्ष
क्वालिफिकेशन 10+2 (किसी भी स्ट्रीम में) 10+2 (एमपीसी) 10+2 (एमपीसी)
इंटरव्यू सर्विस सिलेक्शन बोर्ड एसएसबी
एग्जाम नोटिफिकेशन मार्च/अप्रैल मार्च/अप्रैल मार्च/अप्रैल
(वर्ष में दो बार) अक्टूबर/नवंबर अक्टूबर/नवंबर अक्टूबर/नवंबर

लेवॅल 2 आर्मी नेवी एयरफोर्स:-

क्वालिफाइंग एग्जाम कम्बाइंड डिफेंस सर्विसेज सीडीएसई सीडीएसई एग्जामिनेशन (सीडीएसई)
आयु सीमा 19 से 24 वर्ष 19 से 22 वर्ष 19 से 23 वर्ष
क्वालिफकेशन डिग्री (किसी भी स्ट्रीम में) साइंस ग्रेजुएट साइंस ग्रेजुएट
(फिजिक्स व मैथ (फिजिक्स व मैथ
विषयों के साथ) विषयों के साथ)
इंटरव्यू एसएसबी एसएसबी एसएसबी
एग्जाम नोटिफिकेशन अप्रैल/मई अप्रैल/मई अप्रैल/मई
(वर्ष में दो बार) सितंबर/अक्टूबर सितंबर/अक्टूबर सितंबर/अक्टूबर
सभी परीक्षाएं संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित की जाती हैं।

For detail visit following websites:-

- http://www.nda.nic.in National Defense Academy
- http://www.indianarmy.nic.in Indian Army
- www.armedforces.nic.in Armed Forces Medical College
- www.joinindianarmy.nic.in Join Indian Army
- http://www.indianairforce.nic.in Indian Air Force
- http://www.careerairforce.nic.in Indian Air Force
- http://www.indiannavy.nic.in Indian Navy
- http://www.nausena-bharti.nic.in Indian Navy
- http://www.joindefence.com Join Defense